"33"
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
*********
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः माघ 05, 1944
बुधवारः 25जनवरी 2023

**गणतंत्र दिवस परेड 2023 के लिए मंच तैयार; भारत के स्वदेशी सैन्य कौशल, सांस्कृतिक विविधता और नारी शक्ति को प्रदर्शित करते हुए कर्तव्य पथ पर मार्च करने के लिए एक शानदार परेड**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 26 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ से 74वां गणतंत्र दिवस मनाने में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगी। मिस्र के राष्ट्रपति महामहिम अब्देल फतह अल-सीसी परेड के मुख्य अतिथि होंगे। पिछले वर्ष के समारोहों के आधार पर, स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया गया, इस वर्ष समारोह में उमंग, उत्साह, देशभक्ति का जोश और 'जन भागीदारी' देखने को मिलेगी, जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने परिकल्पना की थी।

सप्ताह भर चलने वाला समारोह 23 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शुरू हुआ। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, 23 और 24 जनवरी को नई दिल्ली में सैन्य टैटू और आदिवासी नृत्य महोत्सव 'आदि शौर्य पर्व पराक्रम का' आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 30 जनवरी को संपन्न होगा, जिसे शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस समारोह में देश भर के नर्तकों के वंदे भारतम समूह की आकर्षक प्रस्तुतियां, वीर गाथा 2.0 प्रतिभागियों द्वारा बहादुरी की कहानियां, राष्ट्रीय समर स्मारक पर स्कूल बैंडों द्वारा मधुर प्रदर्शन, पहला ई-आमंत्रण, अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन शो और 3-डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन शामिल हैं।

**परेड**

गणतंत्र दिवस परेड, जो लगभग 1030 बजे शुरू होगी, देश के सैन्य कौशल और सांस्कृतिक विविधता का एक अनूठा मिश्रण होगी, जो देश की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं, नारी शक्ति और 'नए भारत' के उद्भव को दर्शाती है।

परेड समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय समर स्मारक का दौरा करने के साथ होगी। वह पुष्पांजलि अर्पित करके वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ पर सलामी मंच पर आंएगे।

परंपरा के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और उसके बाद 21 तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान होगा। 21 तोपों की सलामी 105 एमएम की भारतीय फील्ड गन के साथ दी जाएगी। यह विंटेज 25 पाउंडर गन की जगह लेगी, जो रक्षा में बढ़ती 'आत्मनिर्भरता' को दर्शाती

है। 105 हेलिकॉप्टर यूनिट के चार एमआई-17 1वी/वी5 हेलिकॉप्टर कर्तव्य पथ पर उपस्थित दर्शकों पर पुष्प वर्षा करेंगे।

परेड की शुरुआत राष्ट्रपति द्वारा सलामी लेने के साथ होगी। परेड की कमान परेड कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, अति विशिष्ट सेवा मेडल, दूसरी पीढ़ी के सेना अधिकारी के हाथों में होगी। दिल्ली क्षेत्र मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल भवनिश कुमार परेड उप कमांडर होंगे।

सर्वोच्च वीरता पुरस्कारों के गौरवशाली विजेताभी इस गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। इनमें परमवीर चक्र और अशोक चक्र के विजेता शामिल हैं। परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर (ऑनरेरीकैप्टन) बाना सिंह, 8 जम्मू एवं कश्मीर लाइट इंफैंट्री (सेवानिवृत्त); सूबेदार मेजर (ऑनरेरीकैप्टन) योगेंद्र सिंह यादव, 18 ग्रेनेडियर्स (सेवानिवृत्त) और सूबेदार मेजर संजय कुमार, 13 जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स और अशोक चक्र विजेता मेजर जनरल सीए पिठावाला (सेवानिवृत्त); कर्नल डी श्रीराम कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल जस राम सिंह (सेवानिवृत्त) जीप पर उप परेड कमांडर का अनुसरण करेंगे। परमवीर चक्र दुश्मन के सामने असाधारण वीरता का परिचय देते हुए जान की बाजी लगाने वाले सैनिकों को दिया जाता है।अशोक चक्र भी अन्य परिस्थितियों में असाधारण वीरता का प्रदर्शन और सर्वोच्च बलिदान देने वाले शूरवीरों को प्रदान किया जाता है।

**मिस्र का सैन्य दस्ता**

पहली बार कर्तव्य पथ पर मार्च करने वाले कर्नल महमूद मोहम्मद अब्देल फतह अल खरासवी के नेतृत्व में मिस्र के सशस्त्र बलों का संयुक्त बैंड और सैन्य दस्ताभारत की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगा। इस दस्ते में मिस्र के सशस्त्र बलों की मुख्य शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले144 सैनिक शामिल होंगे।

**भारतीय सेना के दस्ते**

61 कैवलरी के दस्ते का नेतृत्व **कैप्टन रायजादा शौर्य बाली** करेंगे। 61 कैवलरी को विश्व में अपनी तरह की अकेली सक्रिय घुड़सवार रेजिमेंट होने का गौरव हासिल है, इसमें सभी प्रांतीय अश्वरोही दलों का विलय है।

भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 61 कैवलरी की माउंटेड कॉलम, नौ मैकेनाइज्ड कॉलम, छह मार्चिंग दस्ते और सेना विमानन कोर के उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) द्वारा फ्लाई पास्ट द्वारा किया जाएगा। मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन, नाग मिसाइल सिस्टम (नामिस), बीएमपी-2 /2के सारथ, क्विक रियेक्शन फाइटिंग व्हीकल, के -9 वज्र-टी ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड हॉवित्जर गन, ब्रह्मोस मिसाइल, 10 मीटर शॉर्ट स्पैन ब्रिज, मोबाइल माइक्रोवेव नोड एंड मोबाइल नेटवर्क सेंटर और आकाश (नई पीढ़ी के उपकरण) मैकेनाइज्ड कॉलम में मुख्य आकर्षण होंगे।

मैकेनाइज्ड इंफैंट्री रेजिमेंट, पंजाब रेजिमेंट, मराठा लाइट इंफैंट्री रेजिमेंट, डोगरा रेजिमेंट, बिहार रेजिमेंट और गोरखा ब्रिगेड सहित सेना की कुल छह मार्चिंग टुकड़ियां सलामी मंच के सामने से मार्च करेंगी।

**पूर्वसैनिकों की झांकी**

इस वर्ष परेड का एक अन्य आकर्षण पूर्वसैनिकों की झांकी होगी, जिसका विषय 'संकल्प के साथ भारत के अमृत काल की दिशा मेंपूर्व सैनिकों की प्रतिबद्धता' होगा। यह पिछले **75** वर्षों में पूर्व सैनिकों के योगदान और 'अमृत काल' के दौरान भारत के भविष्य को आकार देने में उनकी पहल की एक झलक प्रदान करेगा।

**भारतीय नौसेना का मार्चिंग दस्ता**

भारतीय नौसेना के मार्चिंग दस्ते में 144 युवा नौसैनिक शामिल होंगे, जिनका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर दिशा अमृथ करेंगे। पहली बार मार्चिंग दल में तीन महिलाएं और छह अग्निवीर शामिल हैं। इसके बाद नौसेना की झांकी होगी, जिसे 'भारतीय नौसेना- 'युद्ध तत्पर, विश्वसनीय, सामंजस्यपूर्ण और सुरक्षित भविष्य' कीविषय-वस्तु पर केंद्रित है। यह भारतीय नौसेना की बहु-आयामी क्षमताओं, नारी शक्ति और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत प्रमुख स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित परिसंपत्तियों का प्रदर्शन करेगा।

झांकी के आगे के हिस्से में डोर्नियर विमान की महिला कर्मीदल को चित्रित किया जाएगा, जिसमें पिछले साल संपन्न महिला कर्मीदलकी निगरानी उड़ानों पर प्रकाश डाला जाएगा। झांकी के मुख्य भाग में नौसेना की 'मेक इन इंडिया' पहल को प्रदर्शित किया जाएगा। समुद्री कमांडो तैनात करने वाले ध्रुव हेलिकॉप्टर के साथ नए स्वदेशी नीलगिरि श्रेणी के पोत का एक मॉडल होगा। दोनों तरफ स्वदेशी कलवरी क्लास पनडुब्बियों के मॉडलदर्शाए जाएंगे।झांकी के पिछले हिस्से में आईडेक्स-स्प्रिंट चैलेंज के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्वायत्त मानव रहित प्रणालियों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे।

**भारतीय वायु सेना का मार्चिंग दस्ता**

भारतीय वायु सेना के मार्चिंग दस्ते में वायु सेना के144 जवानऔर चार अधिकारी शामिल होंगे, जिसका नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर सिंधु रेड्डी करेंगे। 'सीमाओं से आगे भारतीय वायु सेना की शक्ति' विषय-वस्तु पर केंद्रित वायु सेना की झांकी में भारतीय वायुसेना की विस्तारित पहुंच को प्रदर्शित करते हुए एक घूमते हुए ग्लोब, जिससे यह सीमाओं के पार मानवीय सहायता साथ ही मित्र देशों के साथ अभ्यास प्रदान करने में सक्षम है को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें हल्कायुद्धक विमान तेजस मार्क-2, हल्कायुद्धक हेलिकॉप्टर 'प्रचंड', एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट नेत्र और सी-295 परिवहन विमानों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। झांकी में लेजर डेजिग्नेशन उपकरणोंएवं विशेषज्ञ हथियारों के साथ युद्ध ड्रेस में गरुड़ का दल भी प्रदर्शित किया जाएगा।

**डीआरडीओकी झांकी और उपकरण**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन सशस्त्र सेनाओं की झांकी में एक उपकरण और प्लेटफॉर्म को दर्शाया जाएगा।झांकी की विषय-वस्तु 'प्रभावीनिगरानी तथासंचारसेराष्ट्रकीसुरक्षाएवंखतरोंकाशमन' है

उन्नतमानवरहितहवाईवाहन, वायुवाहितपूर्वचेतावनीऔरनियंत्रणप्रणाली, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकऔरइन्फ्रारेडइमेजिंगकैमरे,

रेडारऔरसोनारभारतीयसैनिकोंकोप्रतिकूलपरिस्थितियोंमेंपरिचालनकीसुविधाप्रदानकरताहै।झांकी मेंस्वदेशीरूपसेविकसितसॉफ्टवेयरडिफाइंडरेडियोऔरडेटालिंक्स कोप्रदर्शित किया जाएगा।अत्याधुनिकहथियारोंकाएकप्रतिनिधिसेटभी दिखाया गया है। झांकी में प्रदर्शितसबसेआधुनिकमिसाइलक्यूआरएसएएम, हाईपावरलेजरआधारितएंटी-ड्रोनप्रणालीऔरटॉरपीडोहैं।स्वदेशीसेमी कंडक्टरऔरडिटेक्टरप्रौद्योगिकियांइनप्रणालियोंकोवास्तवमेंस्वदेशीऔरसुरक्षितबनातीहैं।कुछप्रतिनिधिचिप्सऔरडिटेक्टरभी दिखाए जाएंगेजोभविष्यकेयुद्धक्षेत्रप्रणालियोंकेलिएप्रौद्योगिकीसमर्थकहैं।

डीआरडीओ की झांकी में 70 टनट्रेलरपरव्हील्डआर्मर्डप्लेटफॉर्म को भी दर्शाया जाएगा।कर्तव्यपथपरशान सेआगेबढ़तेहुएव्हील्डआर्मर्ड पर्सनल कैरियर, डब्ल्यूएचएपी 8x8, 70 टनको दर्शाया कोभी दिखाया जाएगा।

**भारतीय तटरक्षक का दस्ता**

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के मार्चिंग दस्ते का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट रोहित सिंह करेंगे। आईसीजी, 157 समुद्री जहाजों और 78 विमानों के साथ, समुद्र में खतरों और समुद्र से खतरों का मुकाबला करने में सक्षम है। आईसीजी की निरंतर निगरानी ने अपनी स्थापना के बाद से 14,546 करोड़ रुपये से अधिक के प्रतिबंधित सामग्री को जब्त किया है, जिसमें अकेले 2022 में 2,620 करोड़ रुपये शामिल हैं। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में 100 बस्तियों और निर्जन दूर-दराज के द्वीपों पर ध्वजारोहण के दौरान इसकी पहुंच और क्षमता का प्रदर्शन किया गया। आईसीजी महिला सशक्तीकरण में अग्रणी रहा है, जो सभी क्षेत्रों में महिला अधिकारियों को अवसर प्रदान करता है।

**सीएपीएफ और दिल्ली पुलिस के मार्चिंग दस्ते**

इसके अलावा कर्तव्य पथ पर असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर सौरव कुमार के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल और असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर श्वेता के सुगाथन के नेतृत्व में दिल्ली पुलिसके दस्ते भी शामिल होंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का ऊंट सवार दस्ताडिप्टी कमांडेंट मनोहर सिंह खीची की कमान में सलामी मंच के आगे से गुजरेगा। पहली बार, महिला ऊंट सवार दस्ता परेड में भाग लेगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण का प्रदर्शन करेगा।

**एनसीसी का मार्चिंग दस्ता**

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के छात्रों के मार्चिंग दस्ते का नेतृत्व महाराष्ट्र निदेशालय के सिनियर अंडर ऑफिसर पुजारी शिवानंद करेंगे। ओडिशा निदेशालय की सिनियर अंडर ऑफिसरसोनाली साहू एनसीसी के छात्राओं के मार्चिंगदस्ते का नेतृत्व करेंगी, जिसमें सभी 17 निदेशालयों के 148 सीनियर डिवीजन कैडेट शामिल हैं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना का मार्चिंग दस्ता**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का मार्चिंग दस्ता, जिसमें 148 स्वयंसेवक शामिल हैं, एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ के हिमाचल प्रदेश क्षेत्र से आंचल शर्मा की कमान में मार्च करेंगे।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बहादुरी, कला और संस्कृति, खेल-कूद, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धि वाले बच्चों को प्रदान किए जाते हैं। जीप में सवार 11 विजेता बच्चे कर्तव्य पथ से गुजरेंगे।

**राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों/विभागों की झांकियां**

देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक प्रगति और मजबूत आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा को दर्शाने वाली 23 झांकियां- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 17 और विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से छह झांकियां भी कर्तव्य पथ से गुजरेंगी। केंद्र शासित प्रदेशों की 17 झांकियों का उनकी विषय-वस्तु के साथ विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | विषय-वस्तु |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | प्रभाला तीर्थम- मकर संक्रांति के दौरान किसानों का त्योहार |
| 2 | असम | नायकों और अध्यात्म की भूमि |
| 3 | लद्दाख | लद्दाख का पर्यटन और समग्र संस्कृति |
| 4 | उत्तराखंड | मानसखंड |
| 5 | त्रिपुरा | त्रिपुरा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पर्यटन और जैविक खेती के माध्यम से स्थायी आजीविका |
| 6 | गुजरात | स्वच्छ हरित ऊर्जा युक्त गुजरात |
| 7 | झारखंड | बाबा बैद्यनाथ धाम |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन की संभावनाएं |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | नया जम्मू और कश्मीर |
| 10 | केरल | नारी शक्ति |
| 11 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता में दुर्गा पूजा: यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सदस्यता |
| 12 | महाराष्ट्र | साढ़ेतीन शक्तिपीठऔर नारी शक्ति |
| 13 | तमिलनाडु | तमिलनाडु का महिला सशक्तीकरण और संस्कृति |
| 14 | कर्नाटक | नारी की शक्ति का उत्सव |
| 15 | हरियाणा | अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव |
| 16 | दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव | जनजातीय संस्कृति और विरासत का संरक्षण |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या दीपोत्सव |

मंत्रालयों/विभागों की छह झांकियों का विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | मंत्रालय/विभाग | विसयवस्तु |
|---|---|---|
| 1 | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) | अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष2023 - भारत की पहल |
| 2 | जनजातीय कार्य मंत्रालय | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएसएस) |
| 3 | गृह मंत्रालय (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) | नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो: संकल्प @ 75 – नशामुक्त भारत |
| 4 | गृह मंत्रालय (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) | सीएपीएफ में नारी शक्ति |
| 5 | आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) | जैव विविधता संरक्षण |
| 6 | संस्कृति मंत्रालय | शक्ति रूपेणसंस्थिता |

**सांस्कृतिक प्रदर्शन**

राष्ट्रव्यापी वंदे भारतम नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए 479 कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां गणतंत्र दिवस परेड में रंग और थिरकन बढ़ाएंगी। सांस्कृतिक समारोह का विषय 326 महिला नर्तकियों द्वारा प्रस्तुत 'नारी शक्ति' होगा, जिसमें 17-30 वर्ष आयु वर्ग के 153 पुरुष नर्तकसाथ देंगे। वे शास्त्रीय, लोक और समकालीन फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत करेंगे, जिसमें पांच तत्वों पृथ्वी, जल, वायु, अंतरिक्ष और अग्नि के माध्यम से 'नारी शक्ति' को दर्शाया जाएगा। यह दूसरी बार है जब सांस्कृतिक कार्यक्रम के नर्तकों को राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के माध्यम से चुना गया है।

**मोटरसाइकिल डिस्प्ले**

गणतंत्र दिवस परेड का एक अन्य आकर्षण कोर ऑफ सिग्नल्स की डेयर डेविल्स टीम द्वारा एक रोमांचक मोटरसाइकिल प्रदर्शन होगा। वे दर्शकों को फॉरमेशनों की एक श्रृंखला के साथ रोमांचित करेंगे, जिसमें एक योग प्रदर्शन भी शामिल होगा।

**फ्लाई पास्ट**

ग्रैंड फिनाले और परेड के सबसे बेसब्री से प्रतीक्षित खंड, फ्लाई पास्ट में भारतीय वायु सेना के 45 विमान, भारतीय नौसेना का एक और भारतीय थल सेना के चार हेलिकॉप्टरों द्वारा रोचक एवं साहसिक शो दिखाया जाएगा। राफेल, मिग-29, एसयू-30, एसयू-30 एमकेआई

जगुआर, सी–130, सी–17, डोर्नियर, डकोटा, एलसीएच प्रचंड, अपाचे, सारंग और एईडब्ल्यू एंड सी जैसे विंटेज और वर्तमान आधुनिक विमान/हेलिकॉप्टर कर्तव्य पथ के ऊपर आसमान में गरजेंगे, जिसमें बाज, प्रचंड, तिरंगा, तंगैल, वज्रांग, गरुड़, नेत्र, भीम, अमृत और त्रिशूल फॉरमेशन शामिल हैं। समापन वर्टिकल चार्ली युद्धाभ्यास राफेल लड़ाकू विमान द्वारा किया जाएगा।

पिछले साल की तरह दूरदर्शन फ्लाई पास्ट के दौरान कॉकपिट वीडियो प्रसारित करेगा। समारोह का समापन राष्ट्रगान और तिरंगे गुब्बारे छोड़ने के साथ होगा।

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

इस वर्ष, समाज के सभी क्षेत्रों के हमारे गौरवान्वित सेंट्रल विस्टा, कर्तव्य पथ, नए संसद भवन के निर्माण में शामिल श्रमयोगी, दूध विक्रेता, सब्जी विक्रेता और स्ट्रीट वेंडर्स आदि को निमंत्रण भेजा गया है। ये विशेष आमंत्रित सदस्य कर्तव्य पथ पर प्रमुखता से विराजमान होंगे।

**अद्वितीय गतिविधियाँ**

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में कई अनूठी गतिविधियां शामिल हुईं। ये हैं:

1. **सैन्य टैटू और जनजातीय नृत्य महोत्सव:** गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में और नेताजी सुभाष चंद्र बोस (पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है) की **126**वीं जयंती को चिह्नित करने के लिए**, 23** और **24** जनवरी **2023** को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम**,** नई दिल्ली में एक सैन्य टैटू और आदिवासी नृत्य महोत्सव 'आदि–शौर्यपर्व पराक्रम का' आयोजित किया गया। हजारों लोगों को **10** सैन्य टैटू और **20** आदिवासी नृत्य प्रदर्शनों द्वारा मंत्रमुग्ध कर दिया गया। इस कार्यक्रम के बीच प्रसिद्ध बॉलीवुड पार्श्व गायक श्री कैलाश खेर ने प्रस्तुति दी।
2. **वंदे भारतम 2.0**: वंदे भारतम नृत्य प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण गणतंत्र दिवस समारोह**2023** के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। लोक/जनजातीय**,** शास्त्रीय और समकालीन/फ्यूजन शैलियों में **17-30** वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागियों से **15** अक्टूबर से **10** नवंबर **2022** तक प्रविष्टियां मांगी गई थीं। संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा **17** नवंबर से **10** दिसंबर**, 2022** तक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय और जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ग्रैंड फिनाले **19** और **20** दिसंबर **2022** को नई दिल्ली में आयोजित किया गया**,** जिसमें **980** नर्तकों ने भाग लिया।
3. **वीर गाथा 2.0:**पिछले साल 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक हिस्से के रूप में शुरू की गई अनूठी परियोजनाओं में से एक वीर गाथा का आयोजन सशस्त्र बलों के वीरतापूर्ण कार्यों और बलिदानों के बारे में बच्चों को प्रेरित करने और जागरूकता फैलाने के लिए किया गया। इस वर्ष भी**,** तीनों सेनाओं ने वीरता पुरस्कार विजेताओं के साथ स्कूली बच्चों की आभासी और प्रत्यक्ष बातचीत का आयोजन किया और छात्रों (तीसरी से **12**वीं कक्षा तक) ने कविताओं**,** निबंधों**,** चित्रों**,** मल्टीमीडिया प्रस्तुतियों आदि के रूप में अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत कीं। देश भर से **19** लाख से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं**,** जिनमें से **25** को विजेता के रूप में चुना गया। उन्हें **25** जनवरी को नई दिल्ली में एक समारोह में रक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। वे गणतंत्र दिवस परेड में भी शामिल होंगे।
4. **भारत पर्व:** पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'जन भागीदारी' विषय–वस्तु को दर्शाते हुए**, 26-31** जनवरी **2023** तक लाल किले**,** दिल्ली के सामने ज्ञान पथ पर 'भारत पर्व' का आयोजन

किया जाएगा। इसमें गणतंत्र दिवस की झांकी, सैन्य बैंड द्वारा प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रदर्शन, अखिल भारतीय व्यंजनों की सेवा करने वाले फूड कोर्ट और शिल्प बाजार का प्रदर्शन किया जाएगा।

5. **ई-आमंत्रण:** इस वर्ष, मेहमानों और दर्शकों के लिए भौतिक निमंत्रण कार्ड को ई-आमंत्रण द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इस उद्देश्य के लिए www.amantran.mod.gov.in एक समर्पित पोर्टल लॉन्च किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से टिकटों की बिक्री, प्रवेश पत्र, निमंत्रण पत्र और कार पार्किंग लेबल ऑनलाइन जारी किए गए हैं। इसने पूरी प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पेपरलेस सुनिश्चित किया और देश के सभी हिस्सों के लोगों को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाया।
6. **राष्ट्रीय समर स्मारक पर स्कूल बैंड प्रदर्शन:** बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए गणतंत्र दिवस से पहले विभिन्न स्कूलों के लिए एक अखिल भारतीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 300 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। आठ स्कूल बैंड चुने गए, जिन्होंने 15-22 जनवरी, 2023 तक राष्ट्रीय समर स्मारक पर प्रदर्शन किया। प्रिंस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, सीकर, राजस्थान को बालक और बालिकाओं दोनों ब्रास बैंड श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया। पाइप बैंड श्रेणी में, थुरबो हायर सेकेंडरी स्कूल, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल ने बालकों के वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नामची, दक्षिण सिक्किम को बालिकाओं के वर्ग में विजेता घोषित किया गया।
7. **ड्रोन शो:** भारत का सबसे बड़ा ड्रोन शो, जिसमें 3,500 स्वदेशी ड्रोन शामिल हैं, 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना पहाड़ियों पर शाम के समय आकाश को रोशन करेगा, जिसमें सिंक्रनाइज़ेशन के माध्यम से राष्ट्रीय आंकड़ों/घटनाओं के असंख्य रूपों को दिखाया जाएगा। यह स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता, देश के युवाओं के तकनीकी कौशल को दर्शाता है और भविष्य के पथ-प्रदर्शक रुझानों के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। इस कार्यक्रम का आयोजन मैसर्स बोटलैब्स डायनेमिक्स द्वारा किया जाएगा।
8. **एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन:** नॉर्थ और साउथ ब्लॉक के अग्रभाग पर बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के दौरान पहली बार 3-डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन का आयोजन किया जाएगा।

**एबीबी/डीएस**